पत्रांक–9 / सै0 विविध (ऑनलाइन) 10 / 2022–................................(9A) / रा0,

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

दीपक कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

ई–मेल

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–....................

विषय :– विभागीय ऑनलाइन सेवाओं की सुविधा आम रैयतों / भू–धारियों को प्रदान करने के उद्देश्य से CSC SPV (Special Purpose Vehicle) को Common Service Centre (KIOSK) स्थापित करने हेतु सभी अंचल कार्यालयों में स्थान उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक–46(8), दिनांक–24.01.2019, पत्रांक–1754(9), दिनांक–11.07.2024 एवं पत्रांक–349(9A), दिनांक–04.02.2025

महाशय,

आप अवगत है कि आम नागरिकों / रैयतों को राज्यान्तर्गत वसुधा केन्द्रों (Common Service Centre) के माध्यम से विभागीय विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं के लिए निर्धारित दर पर आवेदन किये जाने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। वसुधा केन्द्रों पर पंजी–II देखने की सुविधा, भू–लगान का भुगतान, दाखिल–खारिज, भू–मापी, एस0एम0एस0 एलर्ट, परिमार्जन, भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र, RCMS के तहत वाद दायर करने तथा भू–अभिलेख पोर्टल से अभिप्रमाणित प्रति प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन किये जाने की सुविधा प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से दी गयी है।

CSC Special Purpose Vehicle (SPV) के तहत विभागीय ऑनलाइन सेवाओं एवं CSC की अन्य सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से अंचल कार्यालय परिसर में Common Service Centre (KIOSK) को स्थापित करने के निमित्त स्थान उपलब्ध कराने का प्रस्ताव समर्पित किया गया है (एतद् संबंधी पत्र की छायाप्रति संलग्न)। CSC से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में समीक्षोपरान्त विभाग स्तर पर निम्नलिखित निर्णय लिया गया है :–

(i) विभागान्तर्गत विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं की प्राप्ति हेतु निर्धारित दर पर आवेदन की सुविधा प्रदान करने हेतु Common Service Centre (KIOSK) को प्रत्येक अंचल कार्यालय में कम–से–कम 200 वर्गफीट स्थान (फर्निचर सहित) उपलब्ध कराया जाएगा।

(ii) इसके अतिरिक्त शेष सभी व्यवस्थाएँ यथा– कर्मियों तथा लैपटॉप की व्यवस्था इत्यादि CSC के स्तर से की जाएगी।

अतएव अनुरोध है कि उक्त निर्णय के आलोक में Common Service Centre (KIOSK) की स्थापना के निमित्त स्थान उपलब्ध कराने हेतु अधीनस्थ सभी अंचल अधिकारियों को निदेशित किया जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0 / –
(दीपक कुमार सिंह),
अपर मुख्य सचिव।

E:\2025\9A\Circular\CSC KIOSK_21-04-25.docx

**ई—मेल** ज्ञापांकः—9/सै0 विविध (ऑनलाइन) 10/2022—..............................(9A)/रा0,दिनांक..............................

प्रतिलिपिः— सभी आयुक्त के सचिव/सभी अपर समाहर्त्ता/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/सभी अंचल अधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/—
(दीपक कुमार सिंह),
अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांकः—9/सै0 विविध (ऑनलाइन) 10/2022—..............................(9A)/रा0, दिनांक..............................

**निबंधित** प्रतिलिपिः— **State Head Bihar, CSC e-Governance Services India Ltd.** अपोजिट हाईटेक इमरजेन्सी हॉस्पीटल, एस0 के0 पैलेस, चौथा तल्ला, नियर सगुना मोड़, दानापुर, पटना—801503 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/—
(दीपक कुमार सिंह),
अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांकः—9/सै0 विविध (ऑनलाइन) 10/2022—..............................(9A)/रा0,दिनांक..............................

प्रतिलिपिः— माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/—
(दीपक कुमार सिंह),
अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांकः—9/सै0 विविध (ऑनलाइन) 10/2022—..........1170..........(9A)/रा0, दिनांक..........30/4/25

प्रतिलिपिः— विभागीय आई0 टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(दीपक कुमार सिंह),
अपर मुख्य सचिव।

68

Digital India

C C

Letter No. -CSC/BIH/UIDAI/LAND&REV/25/01/01

Date:-29th January 2024

To,

Additional Chief Secretary,
Revenue and Land Reforms Department,
Government of Bihar.

**Subject** : -Request for providing Govt. office premise to CSC SPV ~~for setup~~ of Common Service Center (KIOSK) to provide land and revenue department's online Public Services like(Register-II View, Application for Mutation, Revenue Map Order and Survey Services).

Respected Sir,

As you are aware that CSC e-Governance Services India Limited, a Special Purpose Vehicle, has been set up by the Ministry of Electronics & IT under the Companies Act, 1956 to oversee the implementation of the CSC scheme. CSC Special Purpose Vehicle (CSC SPV) provides a centralized collaborative framework for delivery of services to citizens through CSCs, besides ensuring systemic viability and sustainability of the scheme. There are around Sixty thousand functional CSCs across the State. The CSC is ICT enabled access point - operated, managed and run by local entrepreneur. Both the Central Government and State Government utilize the CSC for delivery of various G2C and B2C services to the citizens.

CSP SPV provides more than 150 Government Services to the citizens and multiple services of Land Record Department also provided to the citizens of India from a single window by CSC SPV such as view status of register II, Online Application for mutation and Door Step revenue MAP delivery. There are 10 Services from Land & Record which is already Integrated and 3 Services under process of Integration such asOnline Payment of lagan, e-Mapi and SMS Alert Services.

All the services through which CSC SPV has been benefiting the Indian Citizen can be provided from all these Common Service Center(KIOSK)

In reference to the above mentioned subject, we would request you to please provide a safe and covered space inside govt. office premises (CO office)at Block/Sub-district level for CSC SPV to setup Common Service Center (KIOSK) for providing multiple services of Land Record Department and other services of CSC.All other setupexcept space will be done by CSC e-governance Services India Limited (CSC SPV).

**Regards,**

**Santosh Tiwari**
**Sr. Vise President, State Head, Bihar**
CSC e-Governance Services India Limited
Mobile: 9308048552 / Phone No. 06115-234385
Email:



Scanned with CamScanner

68

Digital India

CSC

Letter No. -CSC/BIH/UIDAI/LAND&REV/25/01/01

Date:-29th January 2024

To,
Additional Chief Secretary,
Revenue and Land Reforms Department,
Government of Bihar.

**Subject :** -Request for providing Govt. office premise to CSC SPV for setup of Common Service Center (KIOSK) to provide land and revenue department's online Public Services like(Register-II View, Application for Mutation, Revenue Map Order and Survey Services).

Respected Sir,

As you are aware that CSC e-Governance Services India Limited, a Special Purpose Vehicle, has been set up by the Ministry of Electronics & IT under the Companies Act, 1956 to oversee the implementation of the CSC scheme. CSC Special Purpose Vehicle (CSC SPV) provides a centralized collaborative framework for delivery of services to citizens through CSCs, besides ensuring systemic viability and sustainability of the scheme. There are around Sixty thousand functional CSCs across the State. The CSC is ICT enabled access point - operated, managed and run by local entrepreneur. Both the Central Government and State Government utilize the CSC for delivery of various G2C and B2C services to the citizens.

CSP SPV provides more than 150 Government Services to the citizens and multiple services of Land Record Department also provided to the citizens of India from a single window by CSC SPV such as view status of register II, Online Application for mutation and Door Step revenue MAP delivery. There are 10 Services from Land & Record which is already Integrated and 3 Services under process of Integration such asOnline Payment of lagan, e-Mapi and SMS Alert Services.

All the services through which CSC SPV has been benefiting the Indian Citizen can be provided from all these Common Service Center(KIOSK)

In reference to the above mentioned subject, we would request you to please provide a safe and covered space inside govt. office premises (CO office)at Block/Sub-district level for CSC SPV to setup Common Service Center (KIOSK) for providing multiple services of Land Record Department and other services of CSC.All other setupexcept space will be done by CSC e-governance Services India Limited (CSC SPV).

**Regards,**

**Santosh Tiwari**
**Sr. Vise President, State Head, Bihar**
**CSC e-Governance Services India Limited**
**Mobile: 9308048552 / Phone No. 06115-234385**
**Email:**



Scanned with CamScanner

पत्रांक–9A / विविध (आई०टी०)–01–01 / 2025–.........319.........(9 A) / रा0,

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

जय सिंह,
सचिव।

सेवा में,

ई–मेल

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–......04-02-2025......

विषय :– आम रैयतों को वसुधा केन्द्र (**Common Service Centre**) के माध्यम से सुविधा उपलब्ध कराने क संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक–46(8), दिनांक–24.01.2019 एवं पत्रांक–1754(9), दिनांक–11.07.2024

महाशय,

आप अवगत है कि राज्य के सभी अंचलों में ऑनलाईन के माध्यम से भू–मापी, परिमार्जन, SMS अलर्ट सेवा तथा भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र (LPC) हेतु आवेदन करने की सुविधा प्रारम्भ की गई है। विभाग द्वारा ऑनलाईन माध्यम से उक्त सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त पंचायत में कार्यरत वसुधा केन्द्र (Common Service Centre) को प्राधिकृत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रासंगिक पत्रों द्वारा आम रैयतों को वसुधा केन्द्र (Common Service Centre) के माध्यम से ऑनलाईन पंजी–II देखने, दाखिल–खारिज आवेदन जमा करने, लगान भुगतान, भू–मापी, SMS Alert, परिमार्जन एवं भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र (LPC) प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन किये जाने की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है।

इसी क्रम में आम रैयतों को वसुधा केन्द्र के माध्यम से राजस्व न्यायालय में वाद दायर करने तथा भू–अभिलेख पोर्टल से अभिप्रमाणित प्रति प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की सुविधा निम्नलिखित दर पर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है :–

| क्र0 | सेवा का नाम | दर |
|---|---|---|
| 1 | राजस्व न्यायालय में वाद दायर करना (RCMS के तहत) | 40 रूपये प्रति आवेदन (जी0एस0टी / टैक्स अतिरिक्त) + स्कैनिंग शुल्क–1.50 रूपये प्रति अतिरिक्त पृष्ठ। |
| 2 | भू–अभिलेख पोर्टल से अभिप्रमाणित प्रप्ति करने हेतु आवेदन | 20 रूपये प्रति दस्तावेज (Document) (जी0एस0टी / टैक्स अतिरिक्त) + CSC द्वारा निर्धारित छपायी (Printing) शुल्क |

कृ0पृ0उ0

E:\2025\9A\Circular\CSC 3.docx

Scanned with CamScanner

अतएव अनुरोध है कि जिलों में कार्यरत वसुधा केन्द्र (Common Service Centre) संचालकों को उक्त विभागीय निर्णय से अवगत कराते हुए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाय साथ ही उक्त सुविधा की जानकारी आम रैयतों को उपलब्ध कराने हेतु स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार–प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

(जय सिंह),
सचिव।

ई–मेल

ज्ञापांकः–9A/विविध (आई०टी०)–01–01/2025–349(9A)/रा0,दिनांक 04-02-2025

प्रतिलिपिः– सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांकः–9A/विविध (आई०टी०)–01–01/2025–349(9A)/रा0, दिनांक 04-02-2025

निबंधित

प्रतिलिपिः– State Head Bihar, CSC e-Governance Services India Ltd. अपोजिट हाईटेक इमरजेन्सी हॉस्पीटल, एस0 के0 पैलेस, चौथा तल्ला, नियर सगुना मोड़, दानापुर, पटना–801503 को सूचनार्थ प्रेषित।

(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांकः–9A/विविध (आई०टी०)–01–01/2025–349(9A)/रा0,दिनांक 04-02-2025

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांकः–9A/विविध (आई०टी०)–01–01/2025–349(9A)/रा0, दिनांक 04-02-2025

प्रतिलिपिः– विभागीय आई0 टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(जय सिंह),
सचिव।

E:\2025\9A\Circular\CSC 3.docx

Scanned with CamScanner

[redacted]

पत्रांक–9 / सै0–विविध (ऑनलाईन)–10 / 2022–.......1754.......(9) / रा0,

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**प्रेषक,**

**दीपक कुमार सिंह,**
**अपर मुख्य सचिव।**

**सेवा में,**

**ई–मेल**

**सभी समाहर्त्ता,**
**बिहार।**

पटना–15, दिनांक–..11-07-2024..

**विषय :–** **आम रैयतों को वसुधा केन्द्र (Common Service Centre) के माध्यम से सुविधा उपलब्ध कराने क संबंध में।**

**प्रसंग :–** **विभागीय पत्रांक–46(8), दिनांक–24.01.2019**

**महाशय,**

आप अवगत है कि राज्य के सभी अंचलों में ऑनलाईन के माध्यम से भू–मापी, परिमार्जन, SMS अलर्ट सेवा तथा भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र (LPC) हेतु आवेदन करने की सुविधा प्रारम्भ की गई है। विभाग द्वारा ऑनलाईन माध्यम से उक्त सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त पंचायत में कार्यरत वसुधा केन्द्र (Common Service Centre) को प्राधिकृत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा आम रैयतों को वसुधा केन्द्र (Common Service Centre) के माध्यम से ऑनलाईन पंजी–II देखने, दाखिल–खारिज आवेदन जमा करने एवं लगान भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है।

इसी क्रम में आम रैयतों को वसुधा केन्द्र के माध्यम से भू–मापी, परिमार्जन, SMS अलर्ट सेवा तथा भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र (LPC) हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की सुविधा निम्नलिखित दर पर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है :–

| क्र0 | सेवा का नाम | दर |
|---|---|---|
| 1 | भू–मापी हेतु ऑनलाईन आवेदन | 40 रूपये प्रति आवेदन (जी0एस0टी / टैक्स अतिरिक्त) + स्कैनिंग शुल्क–1.50 रूपये प्रति पृष्ठ। |
| 2 | SMS Alert सुविधा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन | 10 रूपये प्रति जमाबंदी (जी0एस0टी / टैक्स अतिरिक्त) |
| 3 | परिमार्जन हेतु ऑनलाईन आवेदन | 30 रूपये प्रति आवेदन (जी0एस0टी / टैक्स अतिरिक्त) + स्कैनिंग शुल्क–1.50 रूपये प्रति पृष्ठ। |
| 4 | भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र (LPC) प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन | 30 रूपये प्रति आवेदन (जी0एस0टी / टैक्स अतिरिक्त) + स्कैनिंग शुल्क–1.50 रूपये प्रति पृष्ठ। |

अतएव अनुरोध है कि जिलों में कार्यरत वसुधा केन्द्र (Common Service Centre) संचालकों को उक्त विभागीय निर्णय से अवगत कराते हुए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाय। साथ ही उक्त सुविधा की जानकारी आम रैयतों को उपलब्ध कराने हेतु स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार–प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय।

**विश्वासभाजन**

**(दीपक कुमार सिंह),**
**अपर मुख्य सचिव।**

D:\Shali secon-9\2024\shashi shekhar\letter_(09)Ka.doc - 7 O/C कृ0पृ0उ0

Scanned with CamScanner

संचिका सं0–08 / भू0सु0को0 (ऑन–लाईन दाखिल–खारिज)–01 / 2018–46 / (8)रा0, (146)

**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भूमि सुधार कोषांग)**

**प्रेषक,**

**ब्रजेश मेहरोत्रा,**
**प्रधान सचिव।**

**सेवा में,**

**सभी समाहर्त्ता,**
**बिहार।**

**E-mail**

पटना, दिनांकः– 24-01-19

**विषयः– आम रैयतों को बसुधा केन्द्र (Common Service Centre) के माध्यम से ऑन–लाईन दाखिल–खारिज आवेदन करने एवं ऑन–लाईन लगान भुगतान सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

आप अवगत है कि राज्य के सभी अंचलों में ऑन–लाईन माध्यम से दाखिल–खारिज एवं लगान भुगतान सुविधा प्रारंभ की गयी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा ऑन–लाईन माध्यम से दाखिल–खारिज हेतु आवेदन जमा करने एवं ऑन–लाईन लगान भुगतान सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पंचायतों में कार्यरत्त बसुधा केन्द्र (Common Service Centre) को प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया है। आम रैयत निम्नलिखित दर पर बसुधा केन्द्र के माध्यम से दाखिल–खारिज आवेदन जमा कर सकते एवं लगान भुगतान करने की सुविधा प्राप्त कर सकते है :–

| क्र0सं0 | सेवा का नाम | दर |
|---|---|---|
| 1 | पंजी–II देखने की सुविधा ( View status of Register-ii) | दस (10.00) रू0 प्रति जमाबंदी (जी0एस0टी0 / टैक्स अतिरिक्त) |
| 2 | पंजी–II देखने एवं लगान भुगतान की सुविधा (View status of Register-ii & online payment of Lagan) | बीस (20.00) रू0 प्रति जमाबंदी + भुगतेय लगान की राशि (जी0एस0टी0 / टैक्स अतिरिक्त) |
| 3 | दाखिल–खारिज आवेदन जमा करने की सुविधा (Online application for mutation) | चालीस (40.00) रू0 प्रति आवेदन (जी0एस0टी0 / टैक्स अतिरिक्त) + आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की Scanning एवं Upload किये जाने हेतु एक रूपया पचास पैसा (1.50) रूपये प्रति पेज की दर से देय राशि। |

अनुरोध है कि जिलों में कार्यरत बसुधा केन्द्र (Common Service Centre) संचालकों को उक्त विभागीय निर्णय से अवगत कराते हुए ऑन–लाईन दाखिल–खारिज आवेदन जमा कराने एवं लगान भुगतान सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित किया जाय एवं उक्त सुविधा की जानकारी आम रैयतों को उपलब्ध कराने हेतु स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार प्रसार की व्यवस्था भी सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,

23/1

**(ब्रजेश मेहरोत्रा)**
**प्रधान सचिव।**

P.T.O

F:\Thakur Sir\2019\Bhumi Sudhar Koshang\Letter.doc

O/C

Scanned with CamScanner